सं. ए.12011/01/2023-प्रशा. VI
कं.सं.300583691
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
(प्रशासन VI अनुभाग)
***

कमरा नंबर 230, नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली-110001
दिनांक 24 मई, 2023

## परिपत्र

**विषय:- वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में प्रबंधक (प्रेस) [सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय वेतन बैंड-3 में ₹15600-39100/- के साथ ग्रेड पे ₹6600/- (संशोधित-पूर्व) में एक (01) पद (वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (₹67700-208700/-) के समकक्ष) को पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना।**

वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के बजट प्रेस में **प्रबंधक (प्रेस)** के एक (01) पद को पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से **अनुबंध-II** में यथानिर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद के संबंध में विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

2. आवेदकों के नियंत्रण कार्यालयों से अनुरोध है कि ऐसे पात्र उम्मीदवारों के आवेदन जो इस पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं और जिन्हें चयन के बाद तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की सत्यापित प्रतियां, सतर्कता निकासी और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र इंप्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित किए जाएं। आवेदकों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आवेदन उपयुक्त माध्यम से प्राप्त नहीं होते अथवा अद्यतन सीआर डोजियर, सतर्कता मंजूरी और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के बिना प्राप्त होते हैं तो उन आवेदनों पर **विचार नहीं किया जाएगा।**

संतोष कुमार 24.5.23
(संतोष कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-2309 5770

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सहायक संपादक (विज्ञापन), रोजगार समाचार, प्रकाशन प्रभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, 7वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त रिक्ति परिपत्र को रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित करवा दिया जाए।
3. अपर सचिव (बजट) का कार्यालय, आर्थिक कार्य विभाग।
4. निदेशक (एनआईसी) को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करवा दिया जाए।
5. एनआईसी, डीओपीटी को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को डीओपीटी की वेबसाइट पर अपलोड करवा दिया जाए।
6. अतिरिक्त प्रतियां-15

अनुबंध-I

| | | |
|---|---|---|
| 1. पद का नाम | : | **प्रबंधक (प्रेस)** |
| 2. रिक्ति की संख्या | : | एक (01) |
| 3. वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह-'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय |
| 4. मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. वेतनमान | : | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11 (₹67700-208700/-) [₹6600 के ग्रेड वेतन के साथ ₹15600-39100/- का वेतन बैंड-3 संशोधन-पूर्व] |
| 6. भर्ती की पद्धति | : | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति |
| 7. पात्रता शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति**
**केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए:**

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारित करते हों; **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में पे-बैंड-3 में ₹15600-39100 के साथ ग्रेड वेतन ₹5400 में या समकक्ष पद पर पांच साल की नियमित सेवा की है; **अथवा**
(iii) मूल संवर्ग या विभाग में पे-बैंड -2 में ₹9300-34800 के साथ ग्रेड वेतन ₹4800 में या समकक्ष पद पर छह साल की नियमित सेवा की है; **अथवा**
(iv) मूल संवर्ग या विभाग में पे-बैंड-2 में ₹9300-34800 के साथ ग्रेड वेतन ₹4600 में या समकक्ष पद पर सात साल की नियमित सेवा की है; **और**

(ख) निम्नानुसार निर्धारित शैक्षिक योग्यता और अनुभव:

**अनिवार्य:**
1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फोटोलिथोग्राफी या ऑफसेट प्रिंटिंग में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग (प्रिंटिंग) में स्नातक की डिग्री व किसी सरकारी प्रिंटिंग प्रेस या कम से कम 100 कर्मचारियों की कर्मचारी क्षमता वाले निजी प्रेस या प्रतिष्ठान, जो वर्तमान में लागू किसी विधि के तहत पंजीकृत है, में उप प्रबंधक या तकनीकी अधिकारी या समकक्ष के स्तर पर **पांच** साल का अनुभव; **अथवा**
2. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से फोटोलिथोग्राफी में विशेषज्ञता के साथ प्रिंटिंग या संबद्ध प्रौद्योगिकी में **तीन** साल का डिप्लोमा और उप प्रबंधक या तकनीकी अधिकारी के स्तर पर **सात** साल का अनुभव या कम से कम 100 कर्मचारियों की कर्मचारी क्षमता वाले सरकारी प्रिंटिंग प्रेस या निजी प्रेस या प्रतिष्ठान में समकक्ष, जो वर्तमान में लागू किसी विधि के तहत पंजीकृत है।

**वांछनीय:**
(i) लागत लेखांकन का ज्ञान या तो योग्यता डिप्लोमा या डिग्री में एक विषय के रूप में या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से लागत लेखांकन में एक अलग पाठ्यक्रम;
(ii) कम से कम 100 कर्मचारियों की कर्मचारी की संख्या वाले प्रिंटिंग प्रेस या प्रतिष्ठान में कार्य को संभालने का पांच साल का अनुभव, जो वर्तमान में लागू किसी भी विधि के तहत पंजीकृत है।

सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए: प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन:

सेना में मेजर रैंक के सशस्त्र बल कर्मी और वायु सेना तथा नौसेना में समकक्ष पद के कर्मियों को सेवानिवृत्त होने के कारण या जिन्हें एक वर्ष की अवधि के भीतर आरक्षित में स्थानांतरित किया जाना है और जिनके पास अपेक्षित योग्यता और अनुभव है, उन पर भी विचार किया जाएगा और यदि चयनित किया जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति की शर्तें दी जाएंगी जिस दिन उन्हें सशस्त्र बलों से पदभार मुक्त के लिए नियत किया जाना है और उसके बाद वे पुनर्नियोजन के आधार पर जारी कर सकते हैं।
(सिविल पद के संदर्भ में अधिवर्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन).

**टिप्पणी 1:** केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि आमतौर पर तीन साल से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी 2:** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी 3:** प्रत्येक स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श आवश्यक है।

# जीवन वृत्त

| पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद | |
| 2. | नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 3. | संपर्क नंबर और ईमेल पता | |
| 4. | जन्म तिथि | |
| 5. | सेवा में आने की तिथि | |
| 6. | केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 7. | शैक्षिक अर्हताएं | |
| 8. | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समतुल्य माना गया है, तो प्राधिकार का उल्लेख करें) | |
| | विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में यथाउल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | अधिकारी की अर्हता/अनुभव |
| अनिवार्य | | अनिवार्य |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| वांछनीय | | वांछनीय |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| 8.1 | स्नातक और स्नातकोत्तर अर्हता के मामले में अभ्यर्थी द्वारा वैकल्पिक/मुख्य विषयों और विषयों और सहायक विषयों को इंगित किया जाए। | |
| 9. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई उपरोक्त प्रविष्टियों के आलोक में, आप इस पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं। | |
| 10. | रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। **यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें।** | |

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | * नियमित आधार पर धारित पद का वेतन मैट्रिक्स में ग्रेड वेतन/लेवल के साथ वेतनमान/वेतन बैंड | आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का उल्लेख करते हुए कर्तव्यों का प्रकार (विस्तार से)। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत स्वीकृत वेतन-मैट्रिक्स में लेवल और वेतन बैंड के साथ ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होता हैं और अतः, इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पदों का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त करने के मामले में वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण निम्न रूप में इंगित किया जा सकता है;

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत वेतन मैट्रिक्स में आहरित वेतन, ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड और लेवल | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | वर्तमान रोजगार का प्रकार अर्थात् तदर्थ या अस्थायी अथवा अर्द्ध-स्थायी या स्थायी | | |
| 12. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर प्राप्त है, कृपया बताएं- | | |
| क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है | घ) मूल संगठन में धारित मूल पद का नाम और वेतन |
| | | | |
| 12.1 | **टिप्पणी:** पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारियों के मामले में, अधिकारियों के आवेदन संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ मूल संवर्ग/विभाग द्वारा अग्रेषित किए जाने चाहिए। | | |
| 12.2 | **टिप्पणी:** यदि कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन से बाहर प्रतिनियुक्ति आधार पर पद धारण किए हुए हैं किन्तु अपने वर्तमान संवर्ग/संगठन में अभी भी अपना धारणाधिकार बनाए हुए हैं ऐसे सभी मामलों में उपरोक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत सूचना अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए | | |
| 13. | यदि आवेदक ने पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया हो, तो पूर्व की प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण | | |
| 14. | **वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा**<br>कृपया बताएं क्या अभ्यर्थी निम्न के अधीन कार्य कर रहा है (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | | |
| 15. | कृपया दर्शाएं क्या आप उसी विभाग में कार्य कर रहे हैं और क्या फीडर ग्रेड या फीडर के फ्रीडर ग्रेड में हैं? | | |
| 16. | क्या आप वेतन के संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो संशोधन की तिथि बताएं और साथ ही संशोधन-पूर्व वेतनमान दर्शाएं। | | |
| 17. | इस समय प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां | | |

| | मूल वेतन और वेतन मैट्रिक्स में लेवल | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |
| 18. | यदि आवेदक ऐसे संगठन से जुड़ा है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का अनुसरण नहीं करता है, निम्नलिखित ब्यौरा दर्शाते हुए संगठन द्वारा जारी की गई अद्यतन वेतन पर्ची संलग्न करें। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | वेतनमान के साथ मूल वेतन और वेतन वृद्धि की दर | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (विवरण सहित ब्यौरा) | कुल परिलब्धियां |
| | | | |
| 19. | इस पद हेतु आपकी पात्रता के समर्थन में पद से संबंधित अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो।<br>इसमें अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में विहित से अतिरिक्त कार्य अनुभव के संबंध में सूचना उपलब्ध कराएं।<br>**(टिप्पणी: यदि जगह अपर्याप्त हो, तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)** | | |
| 20. | कृपया यह स्पष्ट करें कि आप पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन कर रहे हैं। | | |
| 21. | क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से हैं। | | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मुझे ज्ञात है कि जीवनवृत्त में दी गई जानकारी और इसके साथ अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का इस पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई जानकारी/ब्यौरा सही है और मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है और मेरे चयन से संबंधित कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य दबाया/छिपाया नहीं गया है।

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

पता ______________________

______________________

दिनांक __________________

## नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में उपलब्ध कराई गई सूचना/ब्यौरा अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है। आवेदनकर्ता रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखता है, चयन होने पर आवेदनकर्ता को तत्काल कार्यमुक्त किया जाएगा।

2. **साथ ही प्रमाणित किया जाता है कि;**

i) श्री/श्रीमती ____________________ के विरुद्ध कोई भी सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) भारत सरकार के अवर सचिव स्तर या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा यथाप्रमाणित उनकी सीआर डोजियार मूल रूप में /पिछले 5 वर्षों की एसीआर की छायाप्रतियां संलग्न हैं।

iv) उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है **अथवा** पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न हैं। (जैसा भी मामला हो)

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की मुहर)**